# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 31.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **देशभर में जनगणना– 2027 कल से होगा शुरू, पहले चरण में घर–घर जाकर सूचीकरण और स्व–गणना की प्रक्रिया होगी पूरी, केंद्र ने पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों को किया अधिसूचित।**
2. **स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा– मेडिकल टूरिज्म हब बनेगा झारखंड, 12 सौ चिकित्सक और साढ़े सात हजार नर्सों की होगी नियुक्ति, निजी अस्पतालों के लिए बनेगा एसओपी।**
3. **रामगढ़ पुलिस ने जेईई–मेंस पास कराने के नाम पर परीक्षार्थियों से बड़ी रकम वसूलने वाले गैंग का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार, कंप्यूटर समेत कई सामान भी बरामद।**
4. **देशभर में आज जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर, भगवान महावीर की मनाई जा रही जयंती, राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं।**
5. **रांची में आज से राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुरू, राज्यभर के मुक्केबाज ले रहे हैं हिस्सा, बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का झारखंड टीम के लिए होगा चयन।**

*********************

केंद्र सरकार ने कल से शुरू होने वाले जनगणना 2027 के पहले चरण में पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों को अधिसूचित किया है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में घर–घर जाकर सूचीकरण और स्व–गणना की प्रक्रिया पूरी होगी। यह चरण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक चलेगा। आगे उन्होंने बताया कि स्व–गणना पोर्टल 16 भाषाओं में उपलब्ध होगा।

*********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि झारखंड को मेडिकल टूरिज्म हब के रुप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना के साथ लगभग एक हजार दो सौ चिकित्सक तथा साढ़े सात हजार नर्सों की बहाली होगी। एक निजी अस्पताल के इमरजेंसी यूनिट का उद्घाटन कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मनमानी और गलत बिलिंग करने वाले निजी अस्पतालों की निगरानी के लिए एसओपी तैयार हो रहा है।

*********************

बीसीसीएल के सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल ने धनबाद में राजापुर और बास्ताकोला क्षेत्र की कोल खदानों का निरीक्षण किया। उन्होंने खदानों के अंदर भरे पानी की निकासी तथा कोयला उत्पादन बढ़ाने से संबंधित निर्देश अधिकारियों को दिए।

*********************

प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने खूंटी जिले में मनरेगा सहित अन्य विकास योजनाओं में गबन को लेकर पीएमएलए की विशेष अदालत में पांच नए आरोपियों को नामजद किया है। इनमें अमिता झा, सिद्धार्थ सिंघल, एमएस राधेश्याम फायरवर्क्स, पवन सिंह और कमलेश सिंघल शामिल हैं। अदालत में ईडी द्वारा दायर चौथा पूरक अभियोजन पत्र है। वर्ष 2009 से 2011 के बीच खूंटी में विकास कार्यों में लगभग 18 करोड रुपए से अधिक की राशि के गबन मामले में आईएएस पूजा सिंघल समेत आठ आरोपियों के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल हो चुकी है ।

*********************

आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस, रांची ने अग्निवीर जनरल ड्यूटी और महिला मिलिट्री पुलिस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी ज्वाइन इंडियन आर्मी पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

*********************

रांची के चान्हो प्रखंड स्थित बरहे में राज्य का पहला रेलवे नीर प्लांट स्थापित होगा। इस सिलसिले में आईआरसीटीसी ने जियाडा से अंतिम स्वीकृति मांगी है। यहां से प्रतिदिन लगभग एक लाख लीटर पानी की आपूर्ति तीस रेलवे स्टेशनों पर की जाएगी।

*********************

रामगढ़ पुलिस ने **जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन–मेंस** की परीक्षा पास कराने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। इस मामले में गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से सत्तर कंप्यूटर, तीन राउटर, एक सीपीयू, चार मोबाइल फोन और एक वाहन भी बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि गैंग द्वारा जेईई मेन्स उत्तीर्ण कराने के नाम पर परीक्षार्थियों से बड़ी रकम वसूली गयी थी, जिसकी सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई।

*********************

रांची नगर निगम की महापौर रोशनी खलखो ने मोराबादी स्थित वेंडिंग जोन में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यहां सुरक्षा और पार्किंग समेत पेयजल और साफ सफाई जैसी व्यवस्थाएं पुख्ता की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वेंडिंग जोन में जो गड़बड़ियां हुई है उसे दूर किया जाएगा।

*********************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव 1 लाख 38 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी दो लाख 42 हजार प्रति किलोग्राम है।

*********************

जामताड़ा जिले के कुण्डहित में झारखंड–बंगाल सीमा पर पुलिस चेकपोस्ट का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस पहल से अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

*********************

देवघर जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराध के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने जसीडीह थाना क्षेत्र से चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य सामान बरामद हुए हैं ।

*********************

झारखंड समेत पूरे देश में आज जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर, भगवान महावीर की जयंती मनाई जा रही है। आज के दिन भगवान महावीर की विशेष प्रार्थना की जाती है और रथयात्रा निकाली जाती है। यह पर्व करूणा, संयम और सत्य के व्रत का पालन करने का संदेश देता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महावीर जयंती के अवसर पर समस्त देशवासियों और विशेषतौर पर जैन समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

*********************

राजधानी रांची में आज से राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता की शुरूआत हो रही है। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के विभिन्न श्रेणियों में राज्यभर से कई मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। वहीं, बेहतर प्रदर्शन करने वाले मुक्केबाजों का चयन झारखंड टीम के लिए किया जाएगा।

*********समाप्त**********